हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

06 पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिला प्रशासन सतर्क



09 अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर बाड़े में बंद तीन चीतों को ...





## खबर संक्षेप

### जिला क्षत्रिय महासभा की आगामी बैठक 14 दिसंबर को रानगिर में आयोजित

**सागर**। जिला क्षत्रिय महासभा की बैठक 14 दिसंबर, रविवार को दोपहर 12 बजे से रानगिर मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई है। बैठक में जिला क्षत्रिय महासभा के सभी वरिष्ठ संरक्षकों, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों, महिला विंग की कार्यकारिणी सदस्यों, युवा विंग कार्यकारिणी सदस्यों के साथ महासभा की चिकित्सा, विधि, शिक्षा व कृषि समितियों के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। जिला क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने बताया है कि बैठक में क्षत्रिय महासभा व समितियों के कामकाज की प्रगति तथा क्षत्रिय समाज की वैवाहिक पत्रिका प्रकाशन जैसे अनेक विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने सभी आमंत्रित जनों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।



### जिला युवा कांग्रेस की वर्चुअल बैठक संपन्न

**सागर**। जिला युवा कांग्रेस की अति आवश्यक वर्चुअल बैठक का आयोजन जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पिछले दिनों भोपाल में आयोजित मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस की नव गठित कार्यकारिणी व जिला व विधान सभा अध्यक्षों की प्रदेश स्तरीय बैठक में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महा सचिव व मध्यप्रदेश प्रभारी सी व्ही सिंह एवं मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के द्वारा दी गईं युवा कांग्रेस की 100 दिवसीय कार्ययोजना के सागर जिलें में प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आगामी रणनीति पर चर्चा की गई।बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों, विधानसभा अध्यक्ष गणों आदि ने अपने आवश्यक सुझाव दिये। बैठक में मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव द्वय निखिल चौकसे,अक्षय दुबे,विधान सभा अध्यक्ष गण रोहित वर्मा नरयावली, शुभम शर्मा देवरी,प्रणव सिंह राजपूत सुरखी,अमन लोधी खुरई,सागर साहू सागर,नितिन वाजपेयी बण्डा,प्रदीप सोनी उपाध्यक्ष बण्डा,नुरुल हुसैन उपाध्यक्ष सागर,ब्लॉक अध्यक्ष गण अब्बास हुसैन, साहित्य पाण्डेय,समीर मकरानी आदि मौजूद थे।

## राजस्व एवं रेलवे के अधिकारी समन्वय से कार्य प्रगति पर लाएं

# बीना-कटनी तीसरी लाइन परियोजना से प्रभावित ग्रामवासियों को भू-अर्जन की राशि तत्काल हस्तांतरित करें: अनिल सुचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

बीना-कटनी तीसरी लाइन परियोजना से प्रभावित ग्रामवासियों को भू-अर्जन की राशि तत्काल हस्तांतरित करें एवं राजस्व एवं रेलवे के अधिकारी समन्वय से कार्य में प्रगति लाएँ। उक्त निर्देश संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने बीना-कटनी-सिंगरौली तीसरी लाइन तथा खजुराहो-पन्ना खंड में निर्माणाधीन नई ब्रॉड गेज रेल लाइन की समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी. आर., जॉइंट कमिश्नर विनय द्विवेदी, रेल विभाग के अधिकारी सहित अन्य जिलों के संबंधित अधिकारी मौजूद थे।संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि बीना-कटनी तीसरी रेल लाइन के तहत तहसील शाहपुर की अवॉर्ड पारित होने के बाद रेल विभाग द्वारा तत्काल संबंधित प्रभावित व्यक्ति को कब्ज़ा दिलाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील नरयावली के ग्राम जरूवाखेड़ा के अवॉर्ड पारित होने के बाद सभी की राशि उनके खातों में हस्तांतरित करें। इसी प्रकार नरयावली तहसील के ग्राम ईश्वरवारा में रेलवे विभाग द्वारा भूमि स्वामियों की आपसी सहमति के बाद प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य 15 दिवस में पूर्ण करें। संभाग आयुक्त श्री सुचारी ने निर्देश दिए कि जहाँ भी आवश्यकता पुलिस की पड़ती है, पुलिस को पहले से सूचना दें एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने पन्ना कलेक्टर को निर्देश दिए कि अजयगढ़ तहसील के विभिन्न ग्राम, जो परियोजना के अंतर्गत आ रहे हैं, उनकी भू-अर्जन के कार्यों में धारा 11, धारा 19, धारा 21 की कार्रवाई शीघ्रता से करें एवं अवॉर्ड पारित कराकर रेलवे को कब्ज़ा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि छतरपुर जिले में राजनगर तहसील के ग्रामों की भूमि का भू-अर्जन कर अवॉर्ड पारित कराएं।

संभाग आयुक्त सुचारी ने कहा कि सभी भू-अर्जन होने के बाद नामांतरण, बँटवारा का कार्य समय-सीमा में करें एवं संबंधित भूमि के नक्शे में रेलवे के पक्ष में चिन्हांकित करें। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा जो जमीन खाली कराई जा रही है, उस पर तत्काल कार्य शुरू करें।







# अधिवक्ताओं का सम्मान: अभिषेक भार्गव ने कहा- घृणित मानसिकता वालों की पैरवी न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस पर सागर जिले के गढ़ाकोटा तहसील परिसर में अधिवक्ता संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री पं. गोपाल भार्गव के प्रतिनिधि अभिषेक भार्गव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी और तहसीलदार महेश दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ अधिवक्ताओं के सम्मान के साथ हुई, जिसके बाद नवीन अधिवक्ताओं शैलेष चौरसिया, आभाष चौधरी और दिनेश खरे को मुख्य अतिथियों ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह के बाद सभी पंजीकृत अधिवक्ताओं का पेन देकर अभिनंदन किया गया।

इसी के साथ गढ़ाकोटा में एक भव्ये बाइक रैली भी निकाली गई,जिसने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर खींचा। रैली तहसील परिसर से शुरू होकर स्टेडियम स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल, शासकीय महाविद्यालय में महात्मा गांधी, बस स्टैंड पर शहीद स्मारक और पुराने बस स्टैंड स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों पर माल्यार्पण करती हुई आगे बढ़ी। इसके बाद नई कोर्ट बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया और रैली बिंदी तिगड्डा, पुलिस थाना, गुंजौरा तिगड्डा,बाजार क्षेत्र,रुई बाजार, फटका तिगड्डा से होती हुई तहसील परिसर में समापन सहित सम्पन्न हुई।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जमील कुरैशी,संघ के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता इस कार्यक्रम में शामिल रहे। अपने संबोधन में भाजपा नेता अभिषेक भार्गव ने अधिवक्ताओं को समाजिक जिम्मेदारी का संदेश देते हुए कहा "घृणित मानसिकता वाले, समाज को तोड़ने वाले लोगों की पैरवी न करें।

ऐसे मामलों में कट्टरता से दूरी बनाना आवश्यक है। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कुर्मी समाज के खिलाफ अपमानजनक वीडियो बनाने वाले व्यक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे तत्व समाज की शांति बिगाड़ते हैं और इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे न्याय की रक्षा करें, लेकिन समाज को बांटने वालों का समर्थन न करें।

### शिकायत: किसान के टोकन पर कोई और उठा ले गया खाद

**विदिशा**। सतपाड़ा समिति के गोलना निवासी किसान त्रिपाल सिंह ने मंगलवार को कलेक्टर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। किसान का कहना है कि सतपाड़ा सोसाइटी में जारी उनके टोकन पर दर्ज 10 बोरी खाद किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उठा ली गई। उन्होंने बताया कि जब वे निर्धारित तिथि पर खाद लेने पहुंचे, तब उन्हें मालूम पड़ा कि खाद पहले ही किसी और को दे दी गई है। त्रिपाल सिंह ने सोसाइटी प्रबंधकों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

# कुलपति ने किया खेलो इंडिया सिल्वर मेडलिस्ट अभिषेक यादव का सम्मान

**सागर**। डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वाय एस ठाकुर एवं कुलसचिव डॉ एस पी उपाध्याय ने राष्ट्रीय खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के 57 किलोग्राम में डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के पहलवान अभिषेक यादव का कुलपति कार्यालय में सम्मान किया और पहलवान को भविष्य में होने वाले सभी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी । इसके साथ ही कोच धर्मवीर यादव का भी सम्मान किया ।इस अवसर पर डॉ विवेक बी साठे निदेशक शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ हरीसिंह गौर विद्यालय सागर, डी सी डी सी प्रो एन पी सिंह, प्रो अजीत जायसवाल, सहायक निदेशक डॉ सुमन पटेल, बीटीआईई के प्राचार्य डॉ राजू टंडन, महेंद्र कुमार, डॉ सुरेश कोरी, दीपक दुबे उपस्थित थे ।



# विचार समिति मोहल्ला परिवारों ने दिव्य योग संस्थान की साइकिल यात्रा का किया स्वागत

**सागर** । विचार समिति मोहल्ला परिवारों ने दिव्य योग संस्थान के यात्री पंडित आशीष शुक्ला, नरसिंह दास, अभिषेक जैन और मोहित बैरागी द्वारा देवास (मध्य प्रदेश) से श्री अयोध्या धाम तक जा रही साइकिल यात्रा का स्वागत किया। आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक प्रवीण धुरिया ने यात्रियों का स्वागत कर मोहल्ला विकास योजना के जुड़े परिवारों को ध्यान के महत्त्व से अवगत कराया और सभी को नियमित ध्यान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर व्यक्ति के लिए ध्यान आवश्यक है। तेजी से बदलते समय में सकारात्मक और संयमित व्यक्ति ही सही मार्ग पर चलते हुए तनाव एवं अवसाद से मुक्त रह सकता है। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा 50 मोहल्ला टीमों में ध्यान शिविर आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 5 मोहल्ला टीमों में शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। साइकिल यात्रा के उद्देश्य पर जानकारी देते हुए आशीष शुक्ला ने कहा कि देश में नागरिकों में साइकिल चलाने की इच्छा जागृत करना और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए साइकिल के प्रयोग को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। साइकिल न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर गीता दिवस के उपलक्ष्य में दिव्य योग टीम ने विचार समिति को भगवत गीता की प्रतियाँ भेंट की।



# जन चौपाल एवं एस आई आर सर्वे शिविर शिवाजीनगर वार्ड में आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से "आपकी महापौर आपके द्वार" कार्यक्रम लगातार वार्डों में आयोजित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में 3 दिसंबर, बुधवार को महापौर संगीता सुशील तिवारी की उपस्थिति में शिवाजी नगर वार्ड में वन विभाग के पास, आपकी महापौर आपके द्वार जनचौपाल एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि नगर निगम का प्रथम दायित्व है कि प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएँ समय पर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि ₹आपकी महापौर आपके द्वार" कार्यक्रम का उद्देश्य है कि लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि जिम्मेदार अधिकारी स्वयं जनता के बीच पहुँचकर उनकी समस्याएँ सुनें और तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। महापौर ने कहा कि एसआईआर सर्वे लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची का अद्यतन कार्य किया जाता है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा एस आई आर की तिथि 11 दिसंबर तक बढ़ा दी है अतः प्रत्येक परिवार अपने एसआईआर सर्वे फार्म को शीघ्र जमा करें अगर कोई समस्या आ रही है तो संबंधित वार्ड के बीएलओ से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का सही और पारदर्शी तैयार होना आने वाले चुनावों के लिए अत्यंत आवश्यक है इसलिए फार्म में सही जानकारी दें जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। शिविर में नागरिकों द्वारा मुख्य रूप से पानी, ड्रेनेज साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट की खराबी, कचरा संग्रहण, सड़क मरम्मत, पेंशन संबंधी कार्य, पीएम स्वनिधि, प्रधान मंत्री आवास योजना, सड़क निर्माण कराने,पेंशन योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, संपत्तिकर, नामांतरण, प्रकरण, पार्क के कार्यों सहित अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

महापौर द्वारा सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए गए कि प्रत्येक समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिवाजी नगर वार्ड में लंबित कार्यों की प्राथमिकता से समीक्षा कर तत्काल कार्यवाही की जाए। साथ ही वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने, स्ट्रीट लाइट दुरुस्ती और नालियों की सफाई नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए।




**न्यायालय-राजेंद्र कुमार अहिरवार व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड) माल्थोन जिला - सागर (म.प्र.)**

**संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु**

**प्रकरण एम.जे.सी.- एस.यू.सी, क्रमांक - 5/2025**

**पेशी दिनांक 09/01/26**

**राजा सिंह ------------------ वादी**

**विरुद्ध**

**1 शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा बांदरी जिला सागर म.प्र. 2 आम जनता- प्रतिवादी**

**अनावेदक- आम जनता/सर्व साधारण**

यह कि आवेदक राजा सिंह की बुआ स्व. कमलाबाई के बारिसान आवेदक राजासिंह पिता शंकर सिंह आयु 35 वर्ष निवासी-ग्राम रतनपुर तहसील मालथोन जिला सागर म.प्र. में सर्व साधारण को इस न्यायालय में सूचना पत्र के प्रकाशन में 30 दिवस के भीतर (पेशी दिनांक 09/01/2026)प्रतिवादी साक्ष्य देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है. सर्वसाधारण न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद/आवेदन पत्र से संबंधित सभी सारवान कार्यवाही कर सके। सर्वसाधारण को ये निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी साक्ष्य प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो सर्वसाधारण के कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दवा या प्रतिदवा आधारित हो. और यदि सर्वसाधारण अन्य किसी दस्तावेज़ पर चाहे वह कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ठि करें। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा सर्वसाधारण की अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है यदि आप वाद का निराकरण मध्यस्थ के माध्यसे करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत कारये। यह आज तारीख 17/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर कर दिया गया है।

**(राजेंद्र कुमार अहिरवार) व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड मालथौन जिला सागर म.प्र.**

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### ग्राम प्रधान ने लगाया गुंडागर्दी कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम भौंरदा मजरा तोर टपरियन निवासी सुकलाल पुत्र हरप्रसाद यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह वर्तमान में भौंरदा का ग्राम प्रधान भी है और गांव में ग्राम सभा में 1 दिसम्बर को पेबर ब्रिक्स बिछवाने का कार्य कर रहा था, तभी गांव के विनय पुत्र चाली राजा, इन्दर पुत्र नत्थूराजा, नीरज पुत्र गटुआ एकराय होकर आये और काम में अडचन पैदा कर रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोग गुण्डा प्रवृत्ति के हैं और गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये। जान से मारने की धमकी देते हुये लेवर को भी भगा दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मोबाइल टावर से डिवाइस चोरी मामले में एक और पकड़ा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना नाराहट पुलिस ने दर्ज एफआईआर धारा 379, 413 भादवि में जिला मेरठ के थाना हस्तिनापुर अंतर्गत सैफपुर करमचंद्रपुर निवासी मोनू उर्फ अलाउद्दीन पुत्र मुश्ताक को हिरासत में लिया है। मोनू को पकडऩे वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नाराहट पारुल चंदेल अपनी टीम के साथ शामिल रहीं।

### ग्राम प्रधान भोरदा ने लगाया गुण्डागर्दी कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम भौंरदा मजरा तोर टपरियन निवासी सुकलाल पुत्र हरप्रसाद यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह वर्तमान में भौंरदा का ग्राम प्रधान भी है और गांव में ग्राम सभा में 1 दिसम्बर को पेबर ब्रिक्स बिछवाने का कार्य कर रहा था, तभी गांव के विनय पुत्र चाली राजा, इन्दर पुत्र नत्थूराजा, नीरज पुत्र गटुआ एकराय होकर आये और काम में अडचन पैदा कर रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोग गुण्डा प्रवृत्ति के हैं और गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये। जान से मारने की धमकी देते हुये लेवर को भी भगा दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### न्यायालय में कैण्टीन हेतु ठेके की नीलामी 10 दिसम्बर को

**ललितपुर।** जनपदीय न्यायालय के केन्द्रीय नाजिर ने बताया कि जनपद न्यायलय परिसर, में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए फोटोस्टेट/फोटोग्राफी/कम्प्यूटर कार्य के लिए ठेके की नीलामी 10 दिसंबर को अपराह्न 04:30 से सभागार कक्ष, जनपद न्यायालय ललितपुर में नीलामी समिति करेगी। समय पर उपस्थिति होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी की शर्तें व अन्य विवरण जनपद न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट एवं न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हैं।

### समाप्त हो चुके पल्स पोलियो की आशंका से जनपद में बरतें सतर्कता

# पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

**शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जाए, ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा से वंचित न रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आगमी पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने जनपद की कार्ययोजना के बारे में जानकारी प्राप्त की उन्होंने निर्देशित किया कि लक्षित शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जाये इस अभियान में किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि जनपद में 14 दिसम्बर से पल्स पोलियो विशेष अभियान की शुरूआत की जा रही है। इस अभियान में 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी। इस हेतु लगाये गये कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाये तथा अभियान के अंतर्गत ही बीमार एवं प्रतिरोधी परिवारों के बच्चों को चिन्हित कर पोलियो की खुराक दी जाये सीडीओ ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि लक्षित शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जाए, ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा से वंचित न रहे।



बैठक में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ शिव प्रकाश ने बताया कि जनपद में 14 दिसंबर को बूथ दिवस के रूप में पोलियो की खुराक दी जाएगी। इस दिन विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित रहेंगे ताकि अधिक से अधिक बच्चों को बूथ पर ही प्रतिरक्षित किया जा सके। बूथ दिवस का शुभारंभ स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा कराया जाएगा। इसके बाद 15 दिसंबर से घर-घर भ्रमण के माध्यम से छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए घर-घर टीमें एवं ट्रांजिट टीमें गठित की गई हैं। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने आगामी पल्स पोलियो की टाइमलाइन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत जनपद के 5 वर्ष तक की आयु के लगभग 5 लाख नौनिहालों को ह्लदो बूंद जिंदगी कीह्व पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। ग्राम, ब्लाक एवं तहसील स्तर पर रैलियां निकाली जाएंगी। मीडिया के माध्यम से अभियान की जानकारी प्रचारित की जाएगी ताकि जनता को पूर्ण रूप से जागरूक किया जा सके। बैठक में बीमार एवं टीकाकरण से इंकार करने वाले परिवारों के बच्चों को विशेष रूप से चिन्हित कर पोलियो की खुराक देने का निर्णय लिया गया। इन बच्चों को अतिरिक्त सतर्कता के साथ टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। पोलियो एक गंभीर बीमारी है, जिसके कारण बच्चों में लकवा, शिथिलता एवं दिव्यांगता हो सकती है। भारत देश में 2011 से पोलियो का एक भी मामला नहीं आया है, लेकिन पड़ोसी देशों में इसके प्रकरण अभी भी आ रहे हैं। इसलिए टीकाकरण आवश्यक है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बैठक के अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से जनपद के सभी बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय प्रशासन एवं समुदाय के सहयोग की आवश्यकता है। सभी अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी अभियान की सफलता के लिए समन्वय स्थापित करेंगे। वे अपने सभी 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं ताकि स्वस्थ ललितपुर का सपना साकार हो सके।

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर में मनाया एड्स दिवस

**ललितपुर।** प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार शुक्ला के निर्देशन में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर द्वारा एड्स दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इस बीमारी से प्रभावित लोगों के समर्थन हेतु मनाया जाता है। इस अवसर पर सर्वप्रथम एमबीबीएस के छात्राओं द्वारा एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसका आगाज चिकित्सा महाविद्यालय के उप प्रधानाचार्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संकाय सदस्य सीनियर फिजिशियन नए सामूहिक रूप से हरी झंडी दिखाकर किया! अवसर पर एमबीबीएस बैच 2024झ्र25 एवं बैच 2025झ्र26* के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रस्तुति तथा जागरूकता रैली सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं आम जनमानस को जागरूक किया गया।



एड्स दिवस पर प्रधानाचार्य डॉ. मयंक शुक्ला ने लोगों से अपील की कि वे एचआईवी/एड्स के विषय में जागरूक रहें और इस बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक कदम अवश्य उठाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में जागरूकता बढ़ाने से इस बीमारी की रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। एड्स की रोक थाम हेतु असुरक्षित यौन संबंध से बचें, सूई लगाने वाले सिरिंज का प्रयोग सिर्फ एक व्यक्ति के लिए किया जाए तथा रक्त आधान (ब्लड ट्रान्सफ्यूजन) के समय रक्त देने वाले तथा रक्त ग्राही मरीज की एड्स की जांच आवश्यक रूप से करना चाहिए। एड्स जैसी बीमारी के लिए जानकारी ही बचाव है। जो भी लोग इससे ग्रसित हैं वो इसे छुपाएं नहीं मेडिकल कॉलेज में अपनी जांच करवाएं तथा उपलब्ध निःशुल्क इलाज प्राप्त करें। एड्स छूने से, साथ रहने से साथ खाने पीने से नहीं फैलता है। किसी भी एड्स रोग पीड़ित से घृणा ना करें उसे मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध इलाज दिलवाए। एड्स की एक गोली नियमित सेवन कर के मरीज अपने जीवन को लंबे समय तक स्वस्थ रूप से जी सकता है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डॉ श्रुति सिंह, डॉ पवन सूद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर गजेंद्र सिंह डॉ सत्येंद्र प्रजापति, डॉ विशाल जैन, डॉ घनश्याम, डॉ योगेंद्र सिंह, डॉ उत्कृष्ट लाहौरीया, डॉ मनोज, डॉ रजनी रतमेल, डॉ प्रद्युमं, डॉ दिव्या स्वामी आदि संकाय सदस्य एवम सीनियर व जूनियर रेसिडेंट्स व अन्य कर्मचारी गण तथा छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।

## ससुरालियों ने दर्ज कराया केस

# जेवरात व नकदी लेकर मायके पक्ष के साथ भाग गई महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

न्यायालय के आदेश पर एक मामला महरौनी कोतवाली में दर्ज हुआ है। इस मामले में करीब दस माह पहले हुयी शादी की एक ऐसी कहानी दर्ज करायी गयी है, जिसमें नई नवेली दुल्हन ने अपने मायके पक्ष से मिलकर ससुरालियों पर मुकद्दमा दर्ज कराने की धमकी देते हुये कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करने की शर्त रखी। करीब चार माह बाद महिला अपने मायके आ गयी। ससुरालियों ने जेवरात और नकदी लेकर गयी बहू के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करानी चाही तो पुलिस ने एक ना सुनी। मजबूरन पीड़ित पक्ष को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी।

मामला है महरौनी के ग्राम कुआघोषी का, यहां रहने वाले रामस्वरूप पुत्र श्रीराम कौशिक ने एसीजेएम न्यायालय के समक्ष अपने अधिवक्ता के जरिए एक वाद दायर किया है। बताया कि उसके पुत्र अंशुल कौशिक की शादी 6 फरवरी 2025 को म.प्र. के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना पलेरा क्षेत्र के बीआरसी ऑफिस के पीछे रहने वाले मुन्नालाल की पुत्री प्रतीक्षा के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुयी थी। शादी के दूसरे दिन से बहू प्रतीक्षा का स्वभाव गुस्से का था। पन्द्रह दिन बाद प्रतीक्षा अपने मायके चली गयी। 24 मार्च 2025 को प्रतीक्षा को लेने वह लोग पलेरा पहुंचे, जहां से उसी दिन प्रतीक्षा को लेकर लौट आये। 3 जून को फिर से मुन्नालाल, केशव, शिवम, राजेन्द्र आदि प्रतीक्षा को लेने आ गये और 5 जून को स्वतः प्रतीक्षा को कुआघोषी में छोड़ गये। पहली जुलाई 2025 को वह अपने पुत्र व परिवार के साथ गांव में था। रात करीब 10 बजे नयी कार से मुन्नालाल तिवारी, केशव, शिवम व राजेन्द्र गंगेले आये और घर में घुसकर प्रतीक्षा को आवाज देकर घर चलने की बात कही। प्रतीक्षा ने मायके वालों की आवाज सुनकर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात व 70 हजार रुपये नकद उठाये और जाने लगी। विरोध करने पर मायके पक्ष के लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा होते हुये विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। मौके पर उसने अपने साथ पुत्र, शिवशंकर, रामस्वरूप ने समझाया तो उक्त लोगों ने कहा कि प्रतीक्षा की दूसरी शादी करेंगे और तुम लोगों पर 3 लाख रुपये का मुकद्दमा करेंगे। मामले में जब पीड़ित पक्ष थाने में शिकायत दर्ज कराने गये तो उनकी शिकायत दर्ज नहीं की गयी। अब न्यायालय के आदेश पर महरौनी पुलिस ने मायके पक्ष के लोगों पर बीएनएस की धारा 115 (2), 191 (2), 316 (2), 351 (3), 352 व 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## राज्य महिला आयोग अध्यक्ष छह को ललितपुर आएंगी

**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने अवगत कराया है कि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डा.बबीता सिंह चौहान 06 दिसम्बर 2025 को सुबह 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी और गोद भराई, अन्नप्रासन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। सुबह 11.30 बजे स्थानीय गेस्ट हाउस में विभिन्न विभागों में महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगी और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक व जनसुनवाई करेंगी।

## ओ लेबल और सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए चार दिसम्बर तक करें आवेदन

**ललितपुर।** निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत द्वितीय चरण में भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट स्तर से चयनित प्रशिक्षणदायी संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के युवक युवतियों को ह्लओह्व लेबल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु आवेदन करने की अन्तिम दिनांक 01-11-2025 को बढाकर 04-12-2025 कर दिया गया है। प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष तथा प्रशिक्षण की अवधि तीन माह की होगी एवं अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य, इण्टरमीडियट उत्तीर्ण हो और अधिकतम वार्षिक आय एक लाख से अधिक न हो वह पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उप्र की वेबसाइट पर 4 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन भरे गये आवेदन की हस्ताक्षरित हार्डकापी वांछित अभिलेखों सहित अन्तिम रूप से 4 दिसंबर की सांय 05 बजे तक जनपद ललितपुर के विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय के कक्ष संख्या-29 में जमा करना अनिवार्य होगा।

### शहरवासियों के अलावा तखत ग्रुप सदस्यों ने जताई खुशी

# बी. फार्मा में गोल्ड मेडल पाकर हर्ष मिश्रा ने बढ़ाया मान



**ग्राम पंचायत मादौन प्रधान के सुपुत्र हैं हर्ष मिश्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्राम पंचायत मादौन के प्रधान सुदामा मिश्रा के सुपुत्र हर्ष मिश्रा ने मध्य प्रदेश के जिला सागर स्थित डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय में गौर समाधि प्रांगण के विशाल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में गौर गौरव - डीओपीएस 94 स्वर्ण पदक हर्ष मिश्रा को प्रदान किया गया। गौरतलब है कि हर्ष मिश्रा को यह गोल्ड मेडल बी.फार्मा वर्ष 2025 की परीक्षा में प्रवीण सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर बतौर सम्मान के प्रदान किया गया है। हर्ष मिश्रा को बी.फार्मा में गोल्ड मेडल प्राप्त होने पर तखत ग्रुप के सदस्यों के अलावा उनके शुभचिन्तकों ने खुशी जाहिर की है। हर्ष मिश्रा ने एक संक्षिप्त वार्ता में इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए अपने गुरूजनों, माता-पिता को श्रेय देते हुये कहा कि वह जिले के लिए और भी बेहतर कार्य करने की दृढ़ इच्छा शक्ति रखते हैं।

# लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सांसद ने क्षेत्रीय मुद्दों को उठाया

### राजघाट बांध से गोविंद सागर बांध जोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शीतकालीन सत्र के प्रथम प्रश्नकाल में झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा ने अपने संसदीय क्षेत्र से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण एवं जनहित के मुद्दों को प्रभावी रूप से सदन के समक्ष रखा। सांसद ने विशेष रूप से केन-बेतवा लिंक परियोजना के विभिन्न पहलुओं, ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न हो रही समस्याओं तथा परियोजना के विस्तार से संबंधित तकनीकी बिंदुओं पर कई प्रश्न सभा के समक्ष प्रस्तुत किए। उन्होंने जनपद ललितपुर स्थित गोविंद सागर बांध को राजघाट बांध से जोडऩे का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि इस कार्य के पूरा होने से ललितपुर की जनता को पीने के पानी की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी और गोविंद सागर बांध के निचले हिस्सों में स्थित कृषि भूमि को निरंतर सिंचाई मिलेगी, जिससे किसानों को कृषि उत्पादन और कृषि विस्तार में अत्यंत लाभ प्राप्त होगा।

### राज्यमंत्री पंथ ने कहा-पुण्यस्मृति में सेवा कार्य अनुकरणीय

# समाजसेवी बाबूलाल जैन साइकिल की स्मृति में जरूरतमंदों को भोजन वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रदेश के राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने आज अन्नपूर्णा भोजन शाला में आयोजित कार्यकम में कहा परिजनों की स्मृति में जरूरतमंदों को भोजन वितरण का कार्य अनुकरणीय है उन्होने समाजसेवी बाबूलाल जैन साइकिल द्वारा किए गए सेवा कार्यों का स्मरण किया। ललितपुर जिला अस्पताल परिसर में बाबूलाल जैन साइकिल की 31 पुण्य स्मृति में आयोजित भोजन वितरण कार्यक्रम का उन्होने भोजन परोस कर शुभारम्भ किया। विधायक सदर राम रतन कुशवाहा ने कहा कि सेवा के कार्य करने से मन में आत्मिक शान्ति का अनुभव होता है और पुष्य स्मृति में ऐसे आयोजनों द्वारा ही सच्ची श्रद्धान्जलि है।उन्होंने अन्नपूर्णा भोजनाला में किए जा रहे सेवा कार्यों को अनुकरणीय बताया। इस मौके पर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौबे,हरीराम निरंजन महामंत्री बब्बू राजा बून्देला, महेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार अक्षय अलया,पार्षद जितेन्द्र राठौर, विलास पटेरिया, दीपक राठौर, आशीष गोस्वामी, अभिषेक सोनी, सुनील जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे जिन्होंने समाजसेवी जैन को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन अजय जैन साइकिल द्वारा किया गया।

मध्यान्ह में ज्वाला बाबू शिक्षा मंदिर देलबारा में वरिष्ठ पत्रकार मनोज जैन के मुख्यातिथ्य में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिसमें मेंधावी छाओं को सम्मानित किया गया तथा जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में रामेश्वर पटैरिया, सुनील मालवीय,रवीन्द्र जैन मुनमुन, वारेन्द्र जैन सोनू, प्रियेश जैन मनीश जैन, सरोज श्रीवास्तव शोभा जैन, मिनी जैन आदि मौजूद रहे।

### गीता जयंती समारोह सम्पन्न

# कर्मयोग के पथ पर चलने के लिए गीता अध्ययन जरूरी: डॉ. ओमप्रकाश शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

संस्कृत भारती एवं संस्कृत संस्कृति संस्थानम के संयुक्त तत्वाधान में नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय धर्मशास्त्र श्रीमद भागवत गीता जयन्ती समारोह धूमधाम से मनाया गया। शुभारम्भ प्रान्तीय उपाध्यक्ष, संस्कृत प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने दीप प्रज्जवलन एवं श्रीमद भागवत ग्रंथ का पूजन करके किया। प्रारम्भ में छात्र-छात्राओं ने श्रीमद भगवद गीता का परायण किया। प्राचार्य ने कहा कि गीता ज्ञान को आत्मसात कर जीवन पथ पर आगे बढऩे वाले मनुष्य हर क्षेत्र में सफलता अर्जित करते हैं जबकि गीता रहस्य को न मानने वाले व्यक्ति पग-पग पर हार का सामना करते हैं। लोगों को सत्य की रक्षा के लिए गीता का अध्ययन अवश्य करना चाहिये। कहा कि भगवत गीता का विश्व चिन्तन में बड़ा महत्व है। अर्थशास्त्र प्रो.डा.आशा साहू ने कहा कि इस देश की विभूतियों ने अपनी जीवन शैली गीता के अनुसार बनाई, जिससे वह आज भी भौतिक शरीर से न होने के बाद भी हमारे बीच अमर हैं। आचार्य शंकर, महर्षि अरविन्द, लोकमान्य तिलक, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, संत बिनोवा, सर्वपल्ली राधाकृष्णन आदि ऐसे महापुरूष हैं। जिन्होंने अपने जीवन को गीतामय बनाया। हिन्दी प्राध्यापक डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि आज युवा पीढ़ी को विद्वान आचार्यो से गीता के ज्ञान को ग्रहण कर संस्कार एवं संस्कृति को सीखना चाहिये। जिससे वह अपने जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे। मनोविज्ञान प्रवक्ता डा.संजीव शर्मा ने कहा कि आज आवश्यकता है कि सम्पूर्ण राष्ट्र में गीता ज्ञान का प्रसार किया जाये। जिससे सम्पूर्ण देश के निवासियों में राष्ट्र प्रेम, देशभक्ति एवं कर्तव्य परायणता की भावना विकसित हो सके। संस्कृत




प्राध्यापक डा.दीपक पाठक ने कहा कि भौतिकता के घनघोर अंधकार में भटकती मानव जाति के उद्धार के लिए गीता का आलोक ही एक मात्र उपाय है। इसका गंभीर अध्ययन तथा उसके संदेश का परिचालन व्यक्ति एवं समाज तथा मानवता की रक्षा करने में समर्थ है। डा.प्रीति सीरोटिया ने कहा कि भारतीय दर्शन में धर्म को एक जीवन पद्धति माना गया है। धर्म प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है। युद्ध शस्त्रों से नहीं होता है, वैचारिक भी होता है। हमारे अंर्तमन में द्वंद होता है। उस द्वंद में गीता ही हमारा मार्गदर्शन कर सकती है। कृषि संकाय अध्यक्ष डा.हरीशचंद्र दीक्षित ने कहा कि गीता जीवन को सुधारने का ग्रंथ है। भारतीय दर्शन सर्वधर्म सम्भाव पर आधारित है। श्रीमद भगवत गीता के दर्षन को अपने ही देश में नहीं बल्कि पष्चिमी देषों में भी सराहा गया। गीता की विदुषी डा.जनक किशोरी शर्मा ने कहा कि भगवद्गीता की मूल प्रेरणा से समर्पण व आश्वासन हैं। मनुष्य का भगवान के प्रति सच्चा सर्मपण हो तो फिर उसे किसी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। गीता जीवन और संसार की चुनौतियों से भागने की नहीं, बल्कि उनसे मुकाबला करने की सीख देता है। डा.रामकुमार रिछारिया ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को किसी फल की आशा से अपना कर्म करते रहना चाहिये। इस दौरान हिमांशधर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डा.हरीशचंद्र दीक्षित, डा.सुभाष जैन, डा.सजीव शर्मा, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.शैलेन्द्र सिंह चौहान, डा.विनीत अग्निहोत्री, संदीप श्रीवास्तव, डा.अनूप दीक्षित, डा.जगवीर सिंह, डा.जितेन्द्र राजपूत, डा.रोहित वर्मा, डा.रजनी चौबे, फहीम बख्श, ध्रुव किलेदार आदि उपस्थित रहे। संचालन डा.प्रीति सीरौटिया ने व डा.दीपक पाठक ने आभार जताया।

### कूनो में आज आएंगे सीएम, कलेक्टर-एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

# अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर बाड़े में बंद तीन चीतों को जंगल में छोड़ेंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस (4 दिसंबर) के अवसर पर कूनो नेशनल पार्क के बाड़े में बंद तीन चीतों को खुले वन में छोड़ेंगे।उक्त कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए बुधवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल द्वारा हेलीपेड, चीता रिलीज प्वाइंट सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। चूंकि सीएम शिवपुरी जिले में स्थित अहेरा गेट से कूनो में प्रवेश करेंगे और कार्यक्रम भी शिवपुरी जिले की सीमा में आने वाले पारोंद गांव में होना है इसलिए शिवपुरी कलेक्टर रविन्द्र चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ सहित वहां का प्रशासनिक अमला भी उपस्थित रहा।

गुरूवार की दोपहर को सीएम डॉ मोहन यादव अहेरा गेट से कूनो में प्रवेश करेंगे इसलिए अहेरा गांव के समीप ही हेलीपेड स्थल बनाया गया है जिसका भी अधिकारियों ने जायजा लिया तथा श्योपुर-शिवपुरी के कलेक्टर एवं एसपी द्वारा संयुक्त रूप से सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की गई और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान डीएफओ आर थिरुकुरल, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया आदि अधिकारी उपस्थित थे।



#### 16 चीते हैं अभी खुले वन में

कूनो नेशनल पार्क में कुल 29 चीते हैं, जिनमें से 13 (मादा चीता और उसके नवजात 5 शावकों सहित) अभी भी बाड़ों में हैं। 16 चीते खुले वन में विचरण कर रहे हैं। जो शिकार करने और प्रजनन कर चीतों की संख्या बढ़ाने में पूरी तरह दक्ष हैं अब तीन चीते और छोड़े जाने के बाद 19 चीते खुले वन में भ्रमण करते दिखेंगे। जिससे कूनो नेशनल अभ्यारण में चीतों को निहारने आने वाले पर्यटकों को चीतों का दीदार आसान हो जाएगा।

#### पारोंद गांव में सीएम करेंगे चीता मित्रों से संवाद



सीएम शिवपुरी जिले की सीमा में आने वाले पारोंद गांव में कुछ समय बिताएंगे और यहां पर वह चीता मित्रों से संवाद कर सकते हैं इसके लिए कूनो प्रशासन के जिला प्रशासन ने चीता मित्रों को संवाद के लिए तैयार कर लिया है हालांकि यह संवाद होगा या नहीं होगा अभी इस मामले में वह की स्थिति बनी हुई है क्योंकि सीएम का दौरा बहुत कम समय का है जिसमें वह कूनो का मामूली भ्रमण करने के साथ चीतों को छोड़े जाने पर ध्यान देंगे। मजे की बात यह है कि कूनो प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की जानकारी कूनो प्रबंधन या वन्य अधिकारियों से बिल्कुल नहीं मिल रही है जो जानकारी निकाल कर आ रही है वह सिर्फ जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन के माध्यम से मिल रही है कूनो प्रबंधन यह बताने को भी तैयार नहीं है कि छोड़े जाने वाले चीतों के नाम क्या है और वह अफ्रीका से ले गए हैं या फिर नामीबिया से।

### चिलवानी थाना क्षेत्र में हुआ दर्दनाक हादसा, जांच में जुटी पुलिस

# ड्राइवर से बात करने आ रहे कंडक्टर की बस से कुचलकर मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

चिलवानी थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरई के चौराहे पर एक यात्री बस से कुचलकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा उस समय घटित हुआ,जब युवक बस के आगे से होकर बस के ड्राइवर से बात करने के लिए जा रहा था, मृतक युवक भी बस कंडक्टर था, जो कि दूसरी बस पर कंडक्टरी करता था। चिलवानी थाना पुलिस ने बस ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर बस को जब्त कर लिया है।

चिलवानी थाना प्रभारी जय कुमार रघुवंशी ने बताया कि ग्राम सिमरई निवासी गोपाल 35 वर्ष पुत्र कन्हैया यादव बस पर कंडक्टरी करने का काम करता था। मंगलवार की शाम को सिमरई के चौराहे पर खडी एक दूसरी यात्री बस के परिचित ड्राइवर से मिलने के लिए वह बस के आगे होकर जा रहा था, चूंकि उस समय बस धीरे धीरे आगे बढ रही थी और उस समय बस ड्राइवर को गोपाल के बस के आगे होकर आने का ध्यान नहीं रहा। ऐसे में गोपाल बस से टकराकर नीचे गिर गया और बस का पहिया उसके ऊपर से होकर निकल गया। जिससे गोपाल यादव की मौके पर ही कुचलकर मौत हो गई। हादसे की खबर मिलने पर तत्काल शव को मौके से उठाकर पीएम के लिए विजयपुर अस्पताल पहुंचाया और पीएम कराने के बाद उसे परिजन के सुपुर्द कर दिया तथा बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर बस को जब्त भी कर लिया है।




### कराहल में भोपाल गैस त्रासदी दिवस पर स्कूली बच्चों के साथ जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

# हमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता:पाराशर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर




विकासखंड मुख्यालय कराहल पर मध्यप्रदेश विज्ञान सभा ने भोपाल गैस त्रासदी दिवस पर मदर्स प्राइड कान्वेंट विद्यालय में बच्चों के साथ एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मप्र विज्ञान सभा के केन्द्र प्रभारी बीरेन्द्र कुमार पाराशर ने बच्चों को भोपाल गैस त्रासदी के बारे मे बिस्तार से जानकारी देकर रूबरू कराया।

पाराशर ने बताया कि 2-3 दिसम्बर 1984 की रात को रासायनिक औधोगिक दुर्घटना हमारे देश की राजधानी भोपाल मे घटी। जिसमें हजारों की संख्या मे लोग मारे गयें। यदि मिथाइल आईसोशायनाट गैस से बचाव के बारे मे जानकारी होती तो मृत हुए लोगों में से कई लोग आज हमारे साथ होते। इतनी बडी घटना से बचा जा सकता था। लेकिन जानकारी के अभाव मे लगभग 25000 लोग मारे गए।लाखो की संख्या मे लोग गम्भीर रूप से घायल हुए। तब से लेकर आज तक वहाँ रहने वाले लोगों के जीवन मे दुष्प्रभाव देखने को मिल रहे है। पाराशर ने वताया कि हमें बैज्ञानिक सोच वैज्ञानिक चेतना के साथ आगे बढने की आवश्यकता है और हमारे आसपास में हो रहे हर कार्य को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखने की जरूरत है।

आज 3 दिसम्बर 2025 को उन लोगों को श्रद्धांजलि देकर हम संकल्प लेते है कि आगे से ऐसे को रासायनिक दुर्घटना हमारे साथ न हो हमें हमारी सोच हमारे नजरिये को वैज्ञानिक सोच और नजरिया बनाकर आधुनिक युग के साथ आगे बढना है। हम विज्ञान को किताबों में पढ़कर इतनी आसानी से नहीं सीख सकते हैं जितना व्यवहारिक और प्रायोगिक तौर पर सीख सकते हैं। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय प्रिन्सिपल मोहित ब्यास ने बच्चों को भोपाल गैस त्रासदी से जुडी जानकारी देकर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में लोक अधिकार केन्द्र की समता समन्वयक शैफाली राठौर बिशेष रुप से उपस्थित रही। कार्यक्रम मे विद्यालय के शिक्षक दुर्गेश शर्मा सचिन शर्मा मोनिका शर्मा सनी सिंह भदोरिया उपस्थित रहे।

# नहीं मिली नपाध्यक्ष को राहत अब 7 जनवरी को होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

नगर पालिका अध्यक्ष के पावर वापस लौटाने के लिए हाईकोर्ट में नपा अध्यक्ष की ओर से लगाई गई गुहार पर बुधवार को भी कोर्ट ने फैसला नहीं दिया इससे पहले नपा अध्यक्ष समर्थक उम्मीद जता रहे थे कि बुधवार को उन्हें हाई कोर्ट से राहत मिल जाएगी और नपा अध्यक्ष वापस अपने पद पर बैठकर काम कर सकेगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गुरपाल सिंह अहलूवालिया की अदालत ने अगली सुनवाई के लिए बाद 7 जनवरी की तारीख लगा दी है।

ज्ञात हो कि हाई कोर्ट ग्वालियर खंडपीठ के न्यायमूर्ति गुरपाल सिंह अहलूवालिया की अदालत ने नगरपालिका परिषद के निर्वाचन संबंधी गजट नोटिफिकेशन न कराने के मामले में नपाध्यक्ष रेनू राठौर को पावरलेस करने के निर्देश दिए थे जिसकी अपील रेनू राठौर ने पहले हाई कोर्ट की डबल बेंच में और वहां से खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में की थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलने पर रेनू राठौर द्वारा याचिका वापस ले ली और फिर हाई कोर्ट में न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह अहलूवालिया की अदालत में वापस पहुंचने के अलावा उनके पास ओर कोई चारा नहीं बचा। जहां पर यह मामला परिषद के गजट नोटिफिकेशन न करने से जुड़ा हुआ पहले से चल रहा है।

इस मामले के साथ-साथ नपा अध्यक्ष रेनू राठौर के वकील ने प्रशासनिक कामकाज की अनिवार्यता को देखते हुए नपा अध्यक्ष के पावर उन्हें लौटने की गुहार भी नपाध्यक्ष के माध्यम से लगाई थी इस मामले में तीन दिसंबर का समय दिया गया था लेकिन अब सुनवाई के बाद अदालत ने 7 जनवरी की तिथि बढ़ा दी है।

# ग्रंथ और पीठ पूजन के बाद हुआ कथा का मंगलाचरण

**श्योपुर।** जनास्था के प्राचीन केंद्र श्री रामतलाई प्रांगण में वैष्णवाचार्य गोवर्धनेश महाराज ने भागवत ज्ञानयज्ञ का सुंदर मंगलाचरण आरंभ किया। इसके पहले शहर में एक मंगल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा उपरांत महाग्रंथ और व्यासपीठ पूजन के पश्चात कथा आरंभ हुई। प्रथम दिवस कलिकाल में पंचम वेद के रूप में भागवत कथा का माहात्म्य समझाया। 04 दिसंबर को ज्ञानयज्ञ के दूसरे दिन कुंती स्तुति व भीष्म स्तुति सहित परीक्षित जन्म की कथा का होगा।

वर्णन नित्य प्रति मध्याह्न 12.30 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक के नियमित सत्र में सप्ताह भर चलेगा ज्ञानयज्ञ। विविध ज्ञानप्रद प्रसंगों के समानांतर जीवंत झांकियों व उत्सवों का क्रम भी जारी रहेगा ।

### श्योपुर पहुंचे भोपाल विधायक आरिफ मसूद ने की वक्फ कमेटियों से चर्चा

# मुसलमानों के पास वक्फ संपत्तियां बचाने कोर्ट में जाने के अलावा विकल्प नहीं: मसूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

वक्फ जायदादों को लेकर सरकार की मंशा ठीक नहीं है। उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियां अपलोड कराने के नाम पर जिस तरह मुस्लिम समाज और वक्फ कमेटियों को उलझाया हुआ है उससे साफ दिख रहा है कि सरकार सिर्फ समय व्यतीत कर मुस्लिम समाज की जमीनों और इबादतग़ाहो को राजसात करने का षड्यंत्र रच रही है। मुस्लिम समुदाय के पास अपनी जायदादों इबादतग़ाहों को बचाने के लिए कोर्ट में जाने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। 5 दिसंबर को मध्य प्रदेश की सभी ज्यादादों को बचाने के लिए सभी वक्फ कमेटियां भोपाल में पहुंचकर वक्फ ट्रिब्यूनल (स्पेशल कोर्ट) में याचिका लगाएंगी। यह बात बुधवार को श्योपुर पहुंचे कांग्रेस के कद्दावर नेता एवं भोपाल विधायक आरिफ मसूद ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहीं। इससे पहले उन्होंने वक्फ कमेटियों के साथ बैठक कर उम्मीद पोर्टल पर अपलोड की जा रही वक्फ संपत्तियों के बारे में जानकारी ली और उन्हें दिशा निर्देश दिए।



शनिवार की रात भोपाल के पास सड़क दुर्घटना में मुस्लिम धार्मिक विद्वान मौलाना अनीस सहित चार लोगों की हुई मौत पर शोक संवेदना व्यक्त करने श्योपुर पहुंचे भोपाल विधायक आरिफ मसूद ने सभी मृतकों के घर पहुंच कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की इस दौरान उन्होंने मौलाना अनीस के मदरसे में पहुंचकर मुस्लिम समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जो दुर्घटना घटी है वह बेहद दुखद करने वाली है लेकिन हमें आगे की सोचना चाहिए जो काम मौलाना अधूरा छोड़ गए हैं उसे पूरा करें उन्होंने हदीस का हवाला देते हुए कहा कि मायूसी कुफ्र है अल्लाह ताला मायूसी के आगे बढ़कर काम करने वालों का साथ देता है और कामयाबी भी उन्हें ही मिलती है जो कामयाब होना चाहते हैं। उन्होंने मौलाना अनीस द्वारा अपने मदरसे को स्कूल के रूप में परिवर्तित करने का जो सपना देखा था उसे पूरा करने में उनकी ओर से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया इससे पहले विधायक मसूद ने मध्यप्रदेश वक्फ कमेटी के जिला अध्यक्ष काजी असद उल्लाह कुरैशी के घर पहुंचकर वक्फ कमेटियों के जिम्मेदारों से चर्चा करते हुए उम्मीद पोर्टल के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान विधायक मसूद ने वक्फ कमेटियों को बताया कि वह किसी गुमराही में ना रहे अभी तक मध्य प्रदेश में जो 15000 से अधिक वक्फ संपत्तियां दर्ज है उनमें से सिर्फ 10 फीसद ही उम्मीद पोर्टल पर दर्ज की जा सकी हैं। 90 फीसद संपत्तियां दर्ज होने से वंचित रह गई है।

हमारे पास अब इस मामले में सिर्फ न्यायालय जाने का ही एकमात्र रास्ता बचा है। इसलिए सभी वक्फ कमिटियां 5 दिसंबर को भोपाल पहुंचकर वक्फ ट्रिब्यूनल में याचिका लगाएं।

# दो साल से अज्ञात बने तीसरे लुटेरे को पुलिस ने अरेस्ट कर भेजा जेल


गोरस श्यामपुर हाइवे पर हुए लूट के मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा
एक लुटेरे को सात साल का कठिन कारावास दूसरा फरार, तीसरा दो साल बाद भी बेसुराग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

गोरस श्यामपुर हाइवे पर दो साल पहले कट्टे की नोंक पर अंजाम दी गई सनसनीखेज लूट की वारदात के मामले में तीसरे लुटेरे को कराहल थाना पुलिस ने न सिर्फ नामजद कर लिया,बल्कि उसे अरेस्ट करके न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भी पहुंचा दिया है। पुलिस द्वारा दबोचे गए तीसरे लुटेरे नरेन्द्र पुत्र रामवीर गुर्जर पर चंबल आईजी की तरफ से 20 हजार रूपए का इनाम घोषित था।

यहां बता दें कि लूट की यह सनसनीखेज वारदात कराहल थाना क्षेत्र स्थित गोरस श्यामपुर हाइवे पर कदवाया नाले के पास 13 अगस्त 2023 को तब घटित हुई,जब कार सवार राकेश कुमार गर्ग अपने रिश्तेदार के साथ किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्योपुर आ रहे थे। तभी गोरस के नजदीक कदवाया नाले के पास उन्होने बच्ची को उल्टी होने की वजह से कार रोकी,तभी उनका पीछा करते हुए आ रहे बाइक सवार तीन बदमाशों ने कट्टा अडाकर कार में सवार महिलाओं के गले से 2 तोला सोने की जंजीर तथा करीब एक तोला का सोने का हार लूटकर ले गए। जिसकी रिपोर्ट कराहल थाने में दर्ज कराई गई। कराहल थाना पुलिस ने इस मामले में लूट और डकैती की धाराओं में केस दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी। विवेचना के उपरांत कराहल पुलिस ने दो लुटेरो गौरव यादव और अरूण चौहान को नामजद करते हुए उनके खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। इस मामले में विचारण के दौरान विशेष न्यायालय ने एक लुटेरे अरूण चौहान पुत्र नेत्रपाल सिंह चौहान निवासी रूपहाटी थाना अंबाह जिला मुरैना को दोषी मानते उसे 7 साल के कठिन कारावास और 10 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी।

#### खबर के बाद हरकत में आई पुलिस

इस मामले में पिछले दिनों एक लुटेरे अरूण चौहान को श्योपुर कोर्ट के द्वारा सजा सुना दी गई।जबकि दूसरे आरोपी गौरव यादव को फरार घोषित कर दिया गया।लेकिन तीसरा लुटेरा दो साल बात भी अज्ञात होकर पुलिस की पकड से दूर बना हुआ था। इस मामले को हरिभूमि ने 20 नववंर के अंक में एक लुटेरे को सात साल का कठिन कारावास,दूसरा फरार,तीसरा दो साल बाद भी बेसुराग शीर्षक से एक खबर प्रकाशित करते हुए प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने कराहल थाना पुलिस को इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद कराहल थाना प्रभारी यास्मीन खान, एएसआई पवन शर्मा,आरक्षक बृजमोहन गुर्जर, धर्मेन्द्र राठौर, पवन कटारे, विकाश शर्मा,खालिद खांन की पुलिस टीम ने दो साल से अज्ञात बने तीसरे लुटेरे रिंकू उर्फ नरेन्द्र पुत्र रामवीर गुर्जर निवासी निबी थाना सिविल लाईन मुरैना के रूप में नामजद करने के बाद उसे अरेस्ट कर न्यायालय श्योपुर में पेश कर दिया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### मल्होत्रा के सवाल पर महिला बाल विकास मंत्री ने विस में दी जानकारी

# सहरिया महिलाओं को सरकार नहीं देगी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

भले ही सभी समाजों की महिलाओं को शासन की मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ दिया जा रहा हो, लेकिन सहरिया आदिवासी महिलाओं को गरीब होने के बाद भी सरकार लाडली बहना योजना का लाभ नहीं देगी। जब इस मामले को विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने मप्र की विधानसभा एक प्रश्न लगाकर उठाया तो मप्र की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने जबाव देते हुए साफ किया कि सहरिया महिलाएं सरकार की लाडली बहन योजना का लाभ नहीं दिया जा सकता है। क्योंकि वे इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र नहीं है।

दरअसल मप्र सरकार में डा मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार बनने के बाद से प्रदेश में रहने वाली सभी वर्ग की महिलाओं को लाडली बहन योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने दी जाने वाली राशि अब 1250 रूपए से बढकर 1500 रूपए पहुंच गई है। लेकिन सहरिया आदिवासी महिलाएं गरीब होने के बाद भी लाडली बहना योजना के लाभ से वंचित बनी हुई है। भलेही सरकार सहरिया आदिवासियों के लिए कई तरह की योजनाएं चलाए जाने का दावा कर रही है,मगर इसके बाद भी लाडली बहना योजना का लाभ देना जरूरी नहीं समझ रही है। इस मामले को विधायक विजयपुर मुकेश मल्होत्रा ने विधानसभा में उठाते हुए सरकार से सवाल किया है कि मप्र सरकार सर्व समाज की बहनों को लाडली बहन योजना का लाभ दे रही है। लेकिन सहरिया, बेगा एवं भारिया समाज की बहनों को लाडली बहना योजना के लाभ से वंचित रखा जा रहा है। सहरिया, बेगा एवं भारिया समाज की बहनों के साथ सरकार इस तरह का भेदभाव क्यों कर रही है। ऐसा क्या कारण है कि प्रदेश की पिछडी जनजातियों की लाखों सहरिया,बेगा और भारिया समाज की बहनों को लाडली बहन योजना से जोडा नहीं गया है तथा अब उन्हें इस योजना का लाभ कब से दिया जाएगा।




#### श्योपुर की एक लाख से अधिक बहनों को मिल रहा लाभ

बता दे कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत श्योपुर जिले की एक लाख से अधिक महिलाएं चयनित है। जिन्हें हर माह लाडली बहना योजना का लाभ दिया जा रहा है। बताया गया है कि नवंबर माह में लाडली बहना योजना के तहत श्योपुर जिले की 01 लाख 8 हजार 651 लाडली बहनाओं को उनके बैंक खाते में 1500-1500 रूपये की राशि प्राप्त हुई है। इनमें नगरपालिका श्योपुर क्षेत्र की 11 हजार 756, नगर परिषद बडौदा क्षेत्र की 3393, नगर परिषद विजयपुर क्षेत्र की 2821, जनपद पंचायत क्षेत्र श्योपुर की 43 हजार 839, जनपद पंचायत कराहल क्षेत्र की 11 हजार 623 तथा जनपद पंचायत विजयपुर क्षेत्र की 35 हजार 219 महिलाएं शामिल है।

#### मंत्री बोलीं-मिल रहा है अनुदान योजना का लाभ

मप्र की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने विधानसभा में विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा के इस संबंध में उठाए सवाल का जबाव देते हुए जानकारी दी कि प्रदेश के सभी सहरिया,बेगा और भारिया वर्ग की महिलाओं को आहार अनुदान योजना का लाभ दिया जा रहा है और इस योजना के तहत 1500 रूपए प्रतिमाह दिए जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना 2023 की कंडिका 4,4 में स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि जो स्वयं या उसके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार की किसी भी योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1500 या इससे अधिक की राशि प्राप्त कर रही है, वह मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ पाने के लिए अपात्र होगी। इसलिए इस संबंध में आगे कोई प्रश्न की उपस्थित नहीं होता है।

# ट्रैफिक पुलिस ने नियम तोड़ते पकड़े 29 वाहन, वसूला 28 हजार 700 रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को वाहन चैकिंग के दौरान 29 वाहनो को पकडा है। इन वाहनों को उनके चालक यातायात नियमों के उल्लंघन करते हुए चला रहे थे।पकडे गए सभी वाहनों के चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने चालानी कार्रवाई करते हुए 28 हजार 700 रूपए का जुर्माना वसूला है। ट्रैफिक प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में चल रहे विशेष चैकिंग अभियान के दौरान शहर के विभिन्न सडक मार्गो पर चैकिंग प्वाइंट लगाकर वाहनों की चैकिंग की गई।

चैकिंग के दौरान 29 वाहन यातायात नियम तोडते हुए पकडे गए है। इनमें 9 वाहन बिना हेलमेट, 12 वाहन बिना नंबर प्लेट, 06 वाहन बिना बीमा, 02 वाहन ओवर स्पीड में थे। वाहनों से 28 हजार 700 रूपए का जुर्माना वसूला गया और वाहन चालको को यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालन करने की समझाइश भी दी गई।



## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी वर्षा रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति दीपक रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया देवत निवासी देवेन्द्र रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कैलाश रजक और परमाल प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढुडैर निवासी चन्द्रभान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भीम सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मर्ग कायम

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम बेउढाना निवासी तोफान सिंह कटारिया द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि उसके घर से कुछ दूरी पर एक 35 वर्षीय युवक सड़क से कुछ दूर बेहोंशी की अवस्था मिला। जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से टकराकर हुई मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत रेलवे ट्रेक पर किसी अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से टकराने से मौत हो गई। मुंगावली के रेलवे ट्रेक मैन परसराम कुशवाह द्वारा सूचना दी गई थी कि पोल क्रमांक 1002 से 16 के बीच कोई अज्ञात व्यक्ति का शव रेल पटरियों पर मिला है। यह व्यक्ति ट्रेन से टकराने के बाद घायल हो गया था जिसके बाद उसकी मौत हो गई।

### अज्ञात कार की टक्कर से युवक हुआ घायल

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम पाठखेडा निवासी समरत आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नीमखेडा रास्ते से आगे अज्ञात आरोपी अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आईं। पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के अनेक प्रकरण किए पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के चंन्देरी थाने की पुलिस ने धर्मेन्द्र अहिरवार निवासी फतेहाबाद के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की देहात थाने की पुलिस ने विमलेश कुशवाह के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ़ थाने की पुलिस ने पिपरौद निवासी वीरसिंह अहिरवार के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### आरोपी घर से मोबाइल चोरी कर ले गया

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली थाने के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी राजकुमार आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि माला मराठा निवासी मंदसौर मिल उसके घर के बाहर से 1 प्लस कंपनी का मोबाइल चोरी कर ले गया जिसकी कीमत 10 हजार रूपए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### पिकअप वाहन ने बाईक को टक्कर मारी,महिला की मौत, 3 लोग घायल

**अशोकनगर।** अशोकनगर गुना रोड पर सोमवार की देर शाम गुना जिले के सरखण्डी गांव से अपनी बाईक से वापिस घर लौटते समय पीलीघटा के समीप एक पिकअप वाहन ने बाईक को टक्कर मार दी । इस घटना में महिला की मौत हो गई जबकि 3 लोग घायल हुए हैं, जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। ग्राम पिपरौल थाना शाढ़ौरा निवासी गेंदालाल कुशवाह का परिवार बाईक से पडौसी जिला गुना के सरखण्डी गांव गया था वहां से देर शाम वापिस लौटते समय जब उनकी बाईक पीलीघटा से गुजर रही थी उसी दौरान एक पिकअप वाहन ने पीछे से बाईक में टक्कर मार दी। इस घटना में महिला की मौत हो गई। मृतिका का नाम बैजंती बाई पत्नी गैंदालाल कुशवाह उम्र 45 साल है।

---

### विश्व दिव्यांग दिवस पर विकास खंडस्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिताएं संपन्न

# दिव्यांग बच्चों को ईश्वर सदैव कोई न कोई एक अनोखी प्रतिभा जरूर देता है: विनोद तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा




विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकासखंड करैरा में दिव्यांग बच्चों की विकासखंड स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताएं सफलता पूर्वक संपन्न हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती माता मां भारती की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांग बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता प्रभारी बीएसी महेश कुमार लोधी ने कहा कि ह्लदृढ़ इच्छा शक्ति हो तो सफलता प्राप्त करने के लिए दिव्यांगता कोई कमजोरी नहीं, बल्कि एक विशेष क्षमता होती है।

दिव्यांग बच्चे अपनी लगन, हौसले और प्रतिभा से समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं।ह्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीपीओ सतपाल शेखरन ने कहा कि जीत हार से ज्यादा आपकी भागीदारी महत्व रखती है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य उमाशंकर भार्गव ने कहा कि सभी बच्चों में कोई ना कोई प्रतिभा जरूर होती है बस उसे निखारने की आवश्यकता है बच्चों को संबोधित करते हुए बीआरसीसी विनोद तिवारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में ईश्वर कोई अनोखी प्रतिभा जरूर देता है अगर उन्हें तरासने के अवसर दिए जाएं तो सामान्य बच्चों की अपेक्षा और अधिक आगे बढ़ते हैं ।

प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़, चित्रकला, मेहंदी कला, चम्मच नींबू दौड़, जलेबी दौड़, रंगोली , गायन गतिविधियों का आयोजन किया गया। विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे जिला स्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता में सहभागी होंगे । सभी बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास और उमंग के साथ भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों के इस प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल बच्चों को मंच प्रदान करते हैं बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता भी बढ़ाते हैं।कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त प्रभारी महेश लोधी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का आभार एमआरसी अभिषेक द्विवेदी के द्वारा किया गया । इस अवसर पर, लखन लाल गुप्ता, संतोष गुप्ता अनिल चौरसिया, पंकज कुमार श्रीवास्तव , उपेंद्र श्रीवास्तव, नीलम त्रिपाठी, अर्चना राजपूत, लता गुप्ता सुनील श्रीवास्तव, प्रतिमा जोशी, नितिन गुप्ता, लालाराम केवट आदि उपस्थित रहे ।

---

### चक्का जाम, प्रशासन अमला पहुंचा

# 35 वर्षीय युवक ने पुलिस से तंग हो फांसी लगाकर खुदकुशी की





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी नगर में मंगलवार शाम करीबन 4:00 बजे हौज खास बाहर शहर में एक 35 वर्षीय युवक ने पुलिस से प्रताड़ति होकर खुदकुशी का कदम उठा लिया। जिसके बाद परिवारजनों के साथ भीड़ ने दिल्ली दरवाले पर जाम लगाया, प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

युवक की पत्नी आरती प्रजापति ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस पिछले 3 माह से मनोज को फोन लगाकर परेशान कर रही थी और पैसों की मांग कर रही थी और एक-दो दिन पहले मनोज के घर पर पुलिस भी लेने पहुंची थी जहां मनोज की पत्नी ने घर पर न होने का कहकर लौटा दिया और आज फिर पैसों की मांग करने लगे इसके बाद मृतक की पत्नी ने जैसे तैसे पैसों का इंतजाम कर पत्नी पहले थाने के सामने पहुंची लेकिन जिस फोन से कॉल आ रहा था वह पुलिस कर्मी बोला कि आप दिल्ली दरवाजे पर आ जाओ वहां मिलेंगे। लेकिन वहां भी वह पुलिसकर्मी नहीं मिला फिर वापस पत्नी अपने घर आई जहां पति को फांसी के फंदे पर झूलता देख पत्नी के होश उड़ गए और जोर-जोर से रोने लगी तो घर पर पड़ोसियों की भीड़ जमा हो गई। फिर बाद में मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जहां मौके पर चंदेरी थाना प्रभारी मनीष जादौन सहित पुलिसकर्मी पहुंचे लेकिन मृतक की पत्नी अब इस पूरे मामले पर दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग करती हुई नजर आ रही है। क्योंकि मृतक पत्नी का घर चलाने वाला केवल उसका पति ही है और युवक की छोटी-छोटी चार बच्चियां हैं जबकि महिला अभी गर्भवती है। डिलीवरी नजदीक आ गया है।

---

# 4 जुआरियों से 4 फोन 2 बाईक व नगदी 95 हजार 500 जब्त किए

**अशोकनगर।** जिले में जुए के फड़ अवैध रूप से खेतों में चलाए जा रहे हैं जहां स्थानीय लोगों के साथ पड़ौसी जिलों से लोग भी जुआं खेलने के लिए भी पहुंचते हैं। ऐसे ही एक अडडे की जानकारी जब पुलिस को लगी तब मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम चाचूखेड़ा में छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसपी राजीव कुमार मिश्रा द्वारा लगातार जुए के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसे लेकर जिले भर के सभी थानों की पुलिस को निर्देश जारी किए गए थे। इन्ही निर्देशों के चलते मुंगावली पुलिस को मुखविर से सूचना मिली थी कि चाचूखेडा के खेत में जुए का फड चलाया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें संतोष पुत्र रतिराम साहू उम्र 40 साल निवासी कछियाना मोहल्ला मुंगावली, अरविन्द पुत्र लालाराम कुशवाह उम्र 27 साल निवासी मल्हारगड़ रोड़ मरघटशाला के पास मुंगावली, लालू पुत्र विजय सिंह कटारिया उम्र 38 साल निवासी गूजर मोहल्ला चंदेरी एवं जगन्नाथ पुत्र मदनलाल कुशवाह उम्र 45 साल निवासी रामबाग कृष्णा स्कूल के पास मल्हारगढ़ रोड़ मुंगावली के पास से एक 52 पत्तों की ताश की गड्डी तथा एक मोबाईल मोटोरोला कंपनी का आसमानी कलर कीमती करीब 500 रूपये कुल 04 मोबाईल व 2 मोटरसायकिल एचएफ डीलक्स, बजाज सीटी जिनकी कुल राशि 13500 रूपये व कुल नगदी 95,500 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मुंगावली उनि. जोगेन्द्र सिंह यादव, उनि. बीकेराम, सउनि. रामविनायक सउनि. कानसिंह, सउनि. अनिल कुमार, प्रआर. अरविंद मौर्य, आर. दीपेन्द्र लोधी, आर. गोविंद मौर्य की सराहनीय भूमिका रही।

---

# पुलिस ने 2 आरोपियों से 400 पाव अवैध शराब के साथ बाइक की जब्त

**बीना।** पुलिस ने 2 आरोपियों को 400 पाव व्हिस्की शराब के साथ पकड़ा है। जिसकी कीमत 40 हजार एवं शराब परिवहन में उपयोग की गई बाइक की कीमत 80 हजार बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।



थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया पुलिस अधीक्षक एवं अति. पुलिस अधीक्षक बीना के द्वारा अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए दिए गए दिशा निर्देशों के पालन में एसडीओपी बीना नितेश पटेल के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए 2 दिसंबर की दरमियानी रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 2 व्यक्ति बाइक से खुरई की तरफ से अवैध शराब लेकर बीना की और आ रहे है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए खुरई रोड पहुंचकर भारत गैस एजेंसी गोदाम के पास एक बाइक जो खुरई की तरफ से आते दिखी जिसे पुलिस के द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन बाइक चालक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिन्हे पुलिस स्टाफ की मदद से पकड़ा गया और बाइक चालक एवं उसके पीछे बैठे हुए व्यक्ति से पूछताछ की। पूछताछ में बाइक चालक ने अपना नाम केशव उर्फ विट्टू उर्फ कनकटा पिता कल्लू कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी मढिया वार्ड बीना एवं बाइक के पीछे बैठे हुए व्यक्ति ने अपना नाम मनीराम पिता बुद्दे अहिरवार निवासी जवाहर वार्ड बीना बताया। यह दोनों बाइक के पीछे काले नीले रंग की प्लास्टिक रखे थे। जिसे चेक करने पर बोरी में चार खाकी रंग के कार्टून में 200 पाव एवं खुले 200 पाव अलग-अलग कंपनी की व्हिस्की के कुल 400 पाव (72 लीटर) शराब रखे हुए पाए गए। उक्त दोनों व्यक्तियों के पास से शराब रखने एवं परिवहन करने के संबंध में दस्तावेज नहीं होना बताया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़ी की शराब की कीमत करीब 40 हजार रुपए एवं बाइक क्रमांक क्र. एमपी 15 जेडएन 7363 कीमत करीब 80 हजार रुपए यानि कुल जब्त संपत्ति 1 लाख 20 हजार रुपए को विधिवत जप्त कर उक्त दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं प्रकरण पंजीबद्द किया गया। **आरोपियों पर पूर्व के मामले दर्ज-** थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी केशव उर्फ विट्टू उर्फ कनकटा के विरुद्द थाना बीना में चोरी सहित पूर्व से 3 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्द है। इसी तरह मनीराम के खिलाफ पूर्व से एक आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्द है। आरोपियों को पकड़ने में निरीक्षक अनूप यादव, उप निरीक्षक मनोज राय, उप निरीक्षक शिखरचंद , प्रधान आरक्षक गजेन्द्र मिश्रा, आरक्षक जितेन्द्र चंद्रवंशी, आरक्षक बाबूलाल, आरक्षक ब्रजेन्द्र सिह, आरक्षक अजय, आरक्षक राहुल सोलंकी, महिला आरक्षक चाहना देवलिया की भूमिका रही।

---

# विश्व एड्स दिवस पर सेहराई महाविद्यालय में कार्यशाला, संवाद, रंगोली का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




शासकीय महाविद्यालय सेहराई अशोकनगर में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला, संवाद, रंगोली, मानव श्रृंखला आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला संगठक रासेयो एवं प्राचार्य डॉ. अतुल गुप्ता ने सभी को अपनी दिनचर्या सुधारने पर विशेष बल दिया. एड्स को रोकने हेतु समाज को आगे आकर बेझिझक होकर अपनी बात करनी होगी।

#### एड्स नहीं जानलेवा बीमारी, इससे सुरक्षा स्वयं की जिम्मेदारी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आशीष पलेरिया ने कहा एड्स एक वायरस जनित रोग है, जो किसी प्रकार की संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त दान एवं संक्रमित गर्भवती महिला से उसके बच्चे को होने की सम्भावना बनी रहती है।

इसके साथ छात्र,छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही एड्स को रोका जा सकता है, इसलिए समाज को आगे आकर इसको बेझिझक होकर अपनी बात करनी है और सभी को एचआईव्ही टेस्ट जरूर करवाना है, जिससे हम अपने साथ अन्य लोगों को भी सुरक्षित कर सकें। इस साल वल्ड एड्स डे थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो बताती है कि एड्स से जुड़ी शर्म, डर और सामाजिक दूरी को खत्म करना कितना जरूरी है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अंजू सिहारे एवं रविन्द्र कुमार रीतोरिया ने संवाद कार्यक्रम एवं मानव श्रंखला के माध्यम से छात्र,छात्राओं को सुरक्षित रहने का सन्देश दिया। डॉ सुरेश कुमार गर्ग ने मानव श्रंखला के निर्माण के दौरान विद्यार्थिओं को संवोधित किया, तथा सजग और जागरूक रहने की अपील की।

---

# लोक अदालत के लिए विविकं के साथ प्रीसिटिंग बैठक हुई



**करैरा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी के मार्गदर्शन में 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सबंध में न्यायालय परिसर करैरा में विधुत विभाग एवं संबंधित अधिवक्तागणो के साथ प्रीसिटिंग बैंठक का आयोजन किया गया। 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालयो में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण फौजदारी, सिविल, विधुत, हिन्दू विवाह अधिनियम संबंधी प्रकरण, मोटर दुर्घटना, बीमा, चैक बाउन्स के साथ ही बैंक, नगर परिषद के जल कर, सम्पति कर,एवं विधुत के प्रीलिटिगेशन संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। बैठक में दिनेश कुमार खटीक प्रथम जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति ने बताया कि विधुत के लिटिगेशन प्रकरणों एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में विधुत कंपनी द्वारा नियमानुसार छूट प्रदाय की जाएगी। नगरपरिषद एवं बैंक के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में भी नियमानुसार छूट प्रदाय की जावेगी। बैठक में अधिवक्ता एल.के.चतुर्वेदी, अशोक जैन, अतुल सक्सेना, विधुत विभाग की ओर से उप महाप्रबंधक व्ही.पी.उपाध्याय सहित सहायक यंत्री एवं कनिष्ठ यंत्री उपस्थित रहे।

---

# गीता के 15वें अध्याय का पाठ कर गायों को गुड़ खिलाया






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गीता जयंती के अवसर पर जन अभियान परिषद ब्लॉक अशोकनगर की नवांकुर संस्था युगल सरकार श्रीमद् भगवद गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर के सदस्य रामबली यादव, बलवीर सिंह रांवसर, लाखन सिंह सहोदरी, दिनेश यादव बक्सनपुर ग्राम बेलईं ग्राम पंचायत सीगोंन (पिपरई) की श्रीकृष्ण गौशाला पहुंचे, जहां गौ माताओं को गुड़ खिलाया गया तथा गीता जी के 15वे अध्याय पुरुषोत्तम योग का सामूहिक पाठ किया गया।

बलवीर सिंह यादव रांवसर ने बताया कि गीता श्रीकृष्ण की ऐसी अमृत वाणी है जिसके श्रवण और उसके अनुसार जीवन को ढालने से भौतिक पदार्थों की प्राप्ति के साथ ही आध्यात्मिक लाभ यानी पारलौकिक लाभ मिलता है। समिति द्वारा आनंद ग्राम रांवसर में प्रति रविवार को गीता स्वाध्याय किया जाता है। हमारी संस्कृति ही हमारी विरासत है और इसे अक्षुण्ण रखने में ही हमारा विकास है। गीता स्वाध्याय से सामाजिक समरसता आयेगी, पुरातन परंपराएं पुनस्र्थापित होंगी तो सहभागिता, सहकार का भाव पोषित होगा। इसी उद्देश्य को लेकर जन अभियान परिषद ब्लॉक अशोकनगर की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर निरंतर कार्य कर रही है। मनुष्य के जीवन में उपासना, साधना के बाद ही आराधना का क्रम आता है यानी लोक कल्याण किया जा सकता है। समाज सुधारक वंदनीय राष्ट्रसंत तुकडो महाराज की ग्राम गीता का वाचन रामबली यादव द्वारा किया गया। ऋग्वेद में श्लोक है विश्वम पुष्टम ग्रामे अस्मीमन्नानातुरम, यानी गांव-गांव की समस्त जनता निरोग, बलिष्ठ एवं सुखी रहे।

---

### थूवोनजी से पैदल विहार कर अशोकनगर पहुंचे पुंगव मुनिश्री सुधासागर

# 3 पिच्छीधारी संतों के साथ गए थे मुनिश्री 15 संतों के साथ लौटे, जैन समाज ने भव्य अगवानी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूर दिगंम्बर जैन दर्शन के जगमगाते तीर्थ क्षेत्र श्री थूवोनजी में भी मुनि श्री ने एक नए इतिहास को जन्म दिया है। यह इतिहास मुनिश्री के जीवन में एक नया अध्याय लिखेगा ही साथ में थूवोनजी में इतिहास के पन्नों में एक नया अध्याय जुड़ गया है। थूवोनजी की धरा पर जब मुनिश्री तीर्थ वंदना यात्रा के लिए गए थे उस समय उनके साथ 3 पिच्छीधारी संत थे। जब मुनिश्री थूवोनजी से वापिस अशोकनगर पहुंचे तो उनके साथ 3 पिच्छीधारी संतो की जगह 15 पिच्छीधारी संत थे। जब मुनिश्री का आगमन अशोकनगर में हुआ तो जन सैलाव उमड आया। बड़ी संख्या में जन समुदाय ने उनकी भव्य अगवानी की। पूरा मार्ग उत्साह और उमंग से भरा नजर आया।

मुनिश्री के चार्तुमास से लेकर अभी तक कितने कार्यक्रमों ने उनके चार्तुमास को ऐतिहासिक बना दिया है। हर कार्यक्रम उनका इतिहास में एक दस्तावेज बन गया है। अभी इतिहास के पन्ने और रंगे जाना है यह अवसर 9 दिसम्बर से प्रांरभ हो रहा है। जिसमें भगवान बनने की विधि पंच कल्याणक के रूप में नजर आएगी। मुनिश्री के सानिध्य में अशोकनगर की धार्मिक धरा पर यह दूसरा बड़ा आयोजन हो रहा है। अगर पृष्ठभूमि में जाकर देखें तो पहला आयोजन 1992 में हुआ था जब त्रिकाल चैबसी जिनालय का निर्माण हुआ था। उस समय विश्व के इतिहास में पहली बार पंच कल्याणक प्रतिष्ठा और गजरथ महोत्सव का आयोजन हुआ था उस आयोजन को नजदीक से देखने का मौका और इस आयोजन को अखबार के पन्नों पर समटने का मौका भी मिला था वहीं मौका फिर मिल रहा है। संत भी वहीं हैं धरा भी वही है और यहां के जिनालयों में विराजमान होने वाले तीर्थंकर भगवानों की प्रतिमाएं जरूर नईं हैं। इस पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में क्या क्या नजर होगा, यह सब आने वाले दिनों में नजर आएगा। लाखों की भीड़ इस आयोजन में आने की संभावनाएं जताई गईं हैं। मुनिश्री के सानिध्य में होने वाला यह आयोजन तैयारियों के अतिंम चरण में है जिसे मूर्त रूप प्रदीप भैया द्वारा दिया जा रहा है।

मुनिश्री सुधासागर जी महाराज अशोकनगर से 2 नबंवर को जब तीर्थ वंदना पद यात्रा के साथ थूवोनजी के लिए गमन कर रहे थे उस समय का दृश्य अदभुत और अलौकिक था और जब 1 माह की अवधि व्यतीत करने के बाद ठीक उसी तारीख 2 दिसम्बर को जब मुनिश्री का शहर में प्रवेश हुआ तब सड़कों पर वैसा ही नजारा देखने को मिला। मुनिश्री की इस अगवानी को पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों के साथ सजाया गया था। यह सभी पात्र विभिन्न बग्गियों पर सवार होकर चल रहे थे। सुरक्षा के घेरे में मुनिश्री का संघ चल रहा था जगह जगह पुष्प वर्षा हुई, केसरिया ध्वज देखे गए और मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया गया। भीड़ की वजह से सड़कें भी सकरी पड़ गईं। मुनिश्री के इस विहार में पहले से ही भीड़ चल रही थी लेकिन शहर का दृश्य अलग नजर आया। मुनिश्री शहर प्रवेश के बाद फुटओवर ब्रिज होते हुए गांधी चैक, स्टेशन रोड, सुभाषगंज पहुंचे।